हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 रजत जयंती से स्वर्ण जयंती तक की यात्रा में सहकारिता...



12 प्रमाणित बीज उत्पादन में भाग लेने के लिए आज अंतिम अवसर



वयस्क यूरोलॉजी - डॉ. आकाश अग्रवाल (MBBS, MS, MCH)
प्रोस्टेट में सूजन, प्रोस्टेट कैंसर, ब्लैडर कैंसर, मूत्रमार्ग इन्फेक्शन, लिंग का टेढ़ा हो जाना, किडनी और ब्लैडर की पथरी, स्ट्रिक्टर-पेशाब नाली में सिकुड़न, इंकॉन्टीनेंस-पेशाब निकल जाना, पेनफुल ईरेक्शन (पेरोनी डिजीज) तथा अन्य मूत्र सम्बन्धी बीमारी
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
पीडियाट्रिक यूरोलॉजी- डॉ. प्रदीप साहू (MBBS, MS, MCH)
फिमोसिस, पैरा फिमोसिस, हाइपोस्पेडियास, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, वेसिकोयुरेटेरल रिफ्लक्स, किडनी में सूजन, न्यूरोजेनिक ब्लैडर, बिस्तर में पेशाब कर देना, वेरीकोसील, क्रिप्टोरकैडीस्म तथा बच्चों की अन्य, सभी मूत्र सबंधित समस्याएँ।
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

ओव्हर रेट और अमानक खाद दवा पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

# एक कृषि केंद्र का लाइसेंस निलंबित, तीन को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छापामार कार्रवाई के दौरान तीन कृषि केंद्र में खाद, कीटनाशक के विक्रय, भंडारण में अनियमितता पाई गई। इनके स्टाक के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। एक कृषि केंद्र में एक्सपायरी कीटनाशक मिला। उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि किसी दुकान में खाद और कीटनाशक ज्यादा दाम पर बेचा जा रहा है तो इसकी शिकायत कृषि विभाग से करें।

### डेढ़ दर्जन संस्थाओं में दबिश

जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक कृषि केन्द्र एवं विक्रय परिसरों में दबिश देकर औचक निरीक्षण किया गया। मेसर्स महावर ब्रदर्स कुरूद, मेसर्स मधु ट्रेडर्स कुरूद, मेसर्स हीरा कृषि केन्द्र नारी, मेसर्स लक्ष्मी कृषि केन्द्र कोकड़ी, मेसर्स शंकर ट्रेडर्स कुरूद, मेसर्स दुर्गा ट्रेडर्स मंदरौद, मेसर्स देवांगन कृषि केन्द्र कोकड़ी, मेसर्स शुभम ट्रेडर्स कोकड़ी, मेसर्स महामाया कृषि केन्द्र संबलपुर, मेसर्स दाऊ कृषि केन्द्र संबलपुर, मेसर्स मां दुर्गा ट्रेडर्स सांकरा, मेसर्स देवांगन ट्रेडर्स रत्नाबांधा के साथ-साथ सहकारी समितियों का भी निरीक्षण किया गया।



### किसान हो रहे परेशान

खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। यूरिया, डीएपी जैसी खाद तो डेढ़ से दो गुना महंगे दाम में मिल रही है। मजबूरी में किसानों को महंगे में भी खाद लेना पड़ रहा है। किसान तीरथ साहू, मिलन राम साहू ने बताया कि यूरिया के लिए हाथ में रुपए लेकर भटक रहे हैं। फिर भी खाद नहीं मिल रही है। ऐसे में किसी दुकान में महंगे में भी यूरिया, डीएपी मिल जाती है, तो खरीद लेंगे। इसकी शिकायत करेंगे तो खाद भी नहीं मिलेगी।

लगातार कार्रवाई के बाद भी जिले में खाद की कालाबाजारी थम नहीं रही है। इस साल डीएपी, यूरिया खाद की जबरदस्त किल्लत है। इसका फायदा उठाकर कृषि केंद्र संचालक अधिक दाम पर खाद बेच रहे हैं। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर कृषि केंद्रों में छापामार कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को भी विभिन्न कृषि केंद्रों में दबिश दी गई। मेसर्स किसान ट्रेडर्स कुरूद, मेसर्स नेतराम कृषि केन्द्र मंदरौद, मेसर्स प्रेम कृषि केन्द्र मंदरौद को कारण बताओ नोटिस जारी कर विक्रय प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है। मेसर्स मां चण्डी कृषि केन्द्र कुरूद में कालातीत कीटनाशक पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य कई कृषि केंद्रों और सहकारी संस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। किसानों से अपील की गई है कि उन्हें गुणवत्ताहीन खाद, कीटनाशक बेचा जा रहा है या निर्धारित दर से अधिक की वसूली की जा रही है तो कृषि विभाग के नजदीकी दफ्तर में शिकायत करें। ऐसे मामलों में अवश्य कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### चित्रकला में दीप्ति जिले में प्रथम रही



**कुरुद।** जिलास्तरीय कला उत्सव का आयोजन शुक्रवार को धमतरी के बीआरसीसी कार्यालय में हुआ जिसमें शा. उच्च. मा. वि.चरमुड़िया की कक्षा 9वीं की छात्रा दीप्ति नवरंगे ने चित्रकला में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब दीप्ति राज्यस्तरीय कला महोत्सव में शिरकत करेंगी। चयन होने पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपेन्द्र पटेल, प्राचार्य आरके सिन्हा समेत शाला परिवार ने हर्ष जाहिर किया है।

### मौरीकला में डीजे डांस आज

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) के साहू भवन में समर्पण युवा संगठन, नवयुवक गणेशोत्सव समिति व ग्रामीणों के सहयोग से 31 अगस्त को डीजे डांस का आयोजन रखा गया है। सुबह 10 से 11 बजे नव ज्योति मानस परिवार मौरीकला, 11 से 1 बजे समर्पण मानस परिवार बकली, 1 से 4 बजे स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुल अर्जुंदा, 4 से 7 बजे तक मनमोहनी लोककथा भरथरी कनेरी की प्रस्तुति होगी। सामूहिक डांस में प्रवेश शुल्क 251 रुपए और प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपए, द्वितीय 6 हजार रुपए, तृतीय 4 हजार रूपये, चतुर्थ 2 हजार रूपये है। वहीं युगल डांस में प्रवेश शुल्क 151 रुपए और प्रथम पुरस्कार 4 हजार रूपए, द्वितीय 3 हजार रुपए, तृतीय 2 हजार रूपये, चतुर्थ 1500 रूपये रखा गया है। एकल डांस में प्रवेश शुल्क 101 रुपए और प्रथम पुरस्कार 3 हजार रूपए, द्वितीय 2 हजार रुपए, तृतीय 1500 रूपये, चतुर्थ 1 हजार रूपये दिया जाएगा। यह जानकारी लुकेश साहू, अमित साहू ने दी।

## गोकुलपुर-पुरूर मार्ग जर्जर, मरम्मत की मांग



**धमतरी।** गोकुलपुर से पुरुर पहुंच मार्ग की मरम्मत कराने की मांग कलेक्टर से की गई है। भटगांव के पूर्व सरपंच मोहित देवांगन ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि गोकुलपुर से भटगांव होते हुए पुरुर पहुंच मार्ग अति जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों में पानी भरे रहने से आवागमन में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। गड्ढों के कारण कई लोग दुर्घटना से चोटिल हो गए हैं। पूर्व सरपंच ने गोकुलपुर से पुरुर एनएच तक सड़क मरम्मत कराने की मांग कलेक्टर से की है।

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक 31 को

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील कुरुद की बैठक 31 अगस्त को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सामुदायिक भवन ग्राम सिर्री में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक एजेंडा सामाजिक नियमावली का पाठन एवं प्रकाशन हेतु अंतिम रूप एवं रसीद बुक वितरण, पाली, परिक्षेत्र का दो वर्ष का सामाजिक गतिविधियों एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर एवं झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, फलेंद्र ध्रुव, तहसील महासचिव पोखराज नेताम परिक्षेत्र सचिव, तेजराम छेदैया कार्यवाहक अध्यक्ष तहसील कुरूद ने समस्त सामाजिक बंधुओं से ग्राम सिर्री के बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## 10 दुकानों पर निगम ने जड़ा ताला 38 दुकानों से 5 लाख किराया बाकी

**दुकानदारों में मचा हड़कम्प, किराया पटाने पहुंच रहे कार्यालय**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरपालिक निगम क्षेत्र में बेरोजगारों के लिए विभिन्न वार्डों के चौक-चौराहों में व्यवसाय करने के लिए सैकड़ों दुकानें बनाई गई हैं। कई बेरोजगारों ने किराये पर दुकान खोली है। व्यवसाय अच्छा चलने के बाद भी निगम का नामिनल किराया जो बाजार रेट से काफी कम रहता है, कई महीनों से नहीं पटाया है। ऐसी दुकानों की संख्या निगम क्षेत्र में 38 है। इन दुकानदारों से निगम प्रशासन को लगभग 5 लाख रूपये किराया वसूलना है। दुकानों को चिन्हांकन कर दुकानदारों को नोटिस दिया गया। नोटिस का जवाब नहीं मिलने



पर शुक्रवार, शनिवार को वसूली टीम ने 10 दुकानों पर ताला लगाकर सील कर दिया है। इससे दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया है। वे आनन फानन में किराया जमा कर रहे हैं।

टीम प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि 10 दुकानों में हटकेशर और नहर नाका के पास बने काम्पलेक्स है। इनमें से 3 दुकानदारों ने तत्काल किराया जमाकर दुकान की सील खुलवाई। बाकी किरायादार भी किराया पटाने निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं।

बता दें कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा ने निगम क्षेत्र को वसूली के लिए चार भागों में बांटा है। जिसमें 1 टीम प्रभारी, 10 सदस्य, 10 वार्ड शामिल हैं। सभी प्रभारी को लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि चालू वित्तीय वर्ष में निगम को 10 करोड़ से अधिक टैक्स वसूलना है। इसके लिए टीम प्रभारी, सदस्य वार्डों में घर घर दस्तक दे रहे हैं।

टीम प्रभारी शेरखान ने बताया कि सोमवार को नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी। जलकर बकायादारों की सूची तैयार है। दुकान और जलकर की वसूली साथ-साथ चलेगी। कर नहीं पटाने वालों पर निगम कार्यवाही करेगा।

## डिवाइडर की स्ट्रीट लाइट को तोड़ इनोवा कार बैटरी दुकान से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रही तेज रफ्तार इनोवा कार डिवाइडर से टकराकर स्ट्रीट लाइट के पोल को क्षतिग्रस्त कर बैटरी दुकान से टकरा गई। घटना में चालक को मामूली चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा रोड स्थित सिनेट सिटी निवासी लुकेश कुमार पिता घनश्याम सिंह उम्र 32 वर्ष को शुक्रवार की रात्रि उसके दोस्त यतीश दीवान हनुमान नगर पंचवटी कालोनी निवासी की बाइक आमातालाब मोड़ के पास मवेशी से टकरा जाने की सूचना

**बाम्बे गैरेज के पास हुआ हादसा**







मिली। घटना में यतीश गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे श्रीराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। सूचना पर लुकेश रात्रि में अपनी इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 बीएल 7000 में सवार होकर घायल दोस्त से मिलने श्रीराम अस्पताल जा रहा था। रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक की तरफ नेशनल हाईवे से होकर गुजर हाईस्पीड कार बाम्बे गैरेज के पास अचानक डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर को ठोकर मार स्ट्रीट लाइट के पोल को क्षतिग्रस्त करते दूसरी तरफ सड़क किनारे स्थित चंद्रा बैटरी की दुकान से टकराकर रूक गई। कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस घटना में डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया। स्ट्रीट लाइट का पोल भी डिवाइडर से उखड़ गया। वहीं कार के सामने का हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में बैटरी दुकान को भी क्षति पहुंची है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। दुर्घटना में मामूली रुप से घायल कार चालक लुकेश कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। इतनी बड़ी दुर्घटना में कार के एयरबैग खुल जाने से चालक की जान बच गई।

## गौ वंश की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध रूप से गौ वंश का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को केरेगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर दो मवेशी को उनके कब्जे से छुड़ाया है।

पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र में एक सफेद रंग की पिकअप क्रमांक सीजी 05 एन 4324 में 1 भैंसा व 1 भैंसी को बिना चारा-पानी के अवैध रूप से कत्ल करने की नीयत से परिवहन किया जा रहा था। केरेगांव पुलिस ने पिकअप को रोककर सवार से पूछताछ की। उनके पास मवेशी के परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पाया गया। पुलिस ने दोनों मवेशी को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नारायण साहू पिता सरजूराम 44 वर्ष ग्राम खरतुली थाना अर्जुनी व लोमश साहू पिता संजय 22 वर्ष ग्राम परसतराई थाना अर्जुनी निवासी बताया। थाना प्रभारी द्वारा पशु तस्करी एवं अवैध परिवहन के विरूद्ध की गई कार्वाई के तहत धारा 4, 6, 10 पशु परीक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी नारायण साहू व लोमश साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

■ केरेगांव पुलिस की कार्वाई

विदाई समारोह में पूर्व चिकित्सक सहित पूरा जिला अस्पताल उमड़ पड़ा

# सेवानिवृत्ति पर डॉ. संजय वानखड़े को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में लंबे समय से मरीजों को सेवा दे रहे डॉ. संजय वानखड़े को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई देने पूर्व चिकित्सक सहित पूरा जिला अस्पताल उमड़ पड़ा।

जिला अस्पताल में 19 साल 5 माह तक पदस्थ रहे मेडिसीन स्पेशलिस्ट डॉ. संजय वानखड़े 31 अगस्त को रिटायर हो रहे हैं। सेवानिवृत्त हो रहे डॉ. वानखड़े के लिए शनिवार को जिला अस्पताल द्वारा विदाई कार्यक्रम रखा गया। डॉ. वानखड़े के साथ-साथ जिला अस्पताल में पदस्थ लैब टैक्निशियन बसंत वर्मा व स्टाफ नर्स सीडब्ल्यू साहू का भी रिटायरमेन्ट था। विदाई





कार्यक्रम के लिए ओपीडी भवन को बैलून व रंगोली से सजाया गया था। डॉ. वानखड़े को उनके शासकीय आवास से बैण्डबाजे के साथ जिला अस्पताल लाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल के डॉक्टर्स व स्टाफ व मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। डॉ. वानखड़े का ओपीडी के पोर्च में तिलक, गुलाल आरती से स्वागत कर आतिशबाजी के साथ उन्हें ससम्मान ओपीडी भवन में लाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. माधुरी वानखड़े व पुत्री थी। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने कहा कि डॉ. संजय वानखड़े ने एक कर्तव्यनिष्ठ डॉक्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हम सब चाहते हैं कि संविदा के माध्यम से जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं जारी रखे लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण डॉ. वानखड़े संविदा नहीं लेना चाह रहे हैं। डॉ. जेएस खालसा ने ड्यूटी के दौरान अस्पताल में उनके साथ बिताए समय व उनके कार्यों को साझा किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे डॉक्टर सहित अन्य दो कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत कर केक कटवाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश सोनी ने किया।

इस दौरान जिला अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. बीरेन्द्र साहू, डॉ. वायके सिंग, सिविज सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर, डॉ. टीआर ध्रुव, डॉ. राजेश सूर्यवंशी, डॉ. राकेश साहू, डॉ. तेजश शाह, डॉ. रविकिरण शिन्दे, डॉ. आभा हिशीकर व स्टाफ मौजूद रहे।

### वरदान एम्बुलेंस ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया सम्मान

जिला अस्पताल में आयोजित डॉ. वानखड़े के विदाई समारोह में वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी डॉ. वानखड़े को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। वरदान संस्था के सदस्यों ने कहा कि डॉ. वानखड़े सर के मार्गदर्शन एवं सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिली। संस्था ने उनके उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

## कठौली में रग्बी खेल का आयोजन 1 को

**सिर्री।** जिला रग्बी फुटबाल एसोसियेशन द्वारा अस्मिता महिला रग्बी लीड अंडर 15, अंडर 18 सीनियर चैंपियनशिप का आयोजन 1 सितंबर को मिनी स्टेडियम कठौली में होगा।



मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। रग्बी कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलम्पिक गेम्स में खेले जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय खेल है।

दुगली वन परिक्षेत्र के दुगली रेंज में 60 हेक्टेयर क्षेत्र में रोपे गए हैं औषधीय पौधे

# औषधीय पादप बोर्ड के चेयरमेन ने किया पौधारोपण कार्य का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



औषधीय पादप बोर्ड एवं आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा छग के चेयरमेन विकास मरकाम ने धमतरी वनमंडल के दुगली वन परिक्षेत्र में साल 2023 से अब तक 60 हेक्टेयर में रोपे गए औषधीय पौधे सर्पगंधा, बैचांदी, सतावर, आंवला के रोपण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रदेश औषधीय पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव भी मौजूद रहे। कक्ष क्रमांक 220 में रोपण की स्थिति का मुआयना किया। श्री मरकाम ने बताया कि राज्य शासन का यह प्रयास है कि राज्य के वनांचल क्षेत्र में औषधीय पौधों के संरक्षण और संवर्धन के साथ वनोपज संग्राहकों की आय का साधन बन रहा है। औषधीय पौधों का संरक्षण न केवल पर्यावरण संतुलन बल्कि ग्रामीणों की आजीविका का भी मजबूत आधार बन रहा है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी सुभाष ध्रुव ने रोपण की स्थिति की जानकारी नी। इस दौरान निरीक्षण टीम को बताया कि दुगली वन क्षेत्र में लगातार तीन वर्षों से रोपण किया जा रहा है। लगातार तीन सालो से प्रति बरस 20 हेक्टेयर के लक्ष्य से पौधरोपण किया गया है।

प्रदेश पादप बोर्ड के सीईओ श्री राव ने पौधों से क्या-क्या फायदे हैं, कौन सा पौधा औषधि के रुप में उपयोग होता है, किस बीमारी में काम आता है एवं किस अवस्था में किस रुप में कंद और फल का संग्रहण करना चाहिए, इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, राजाराम मंडावी, आशु पडोटी, सुरेन्द्र राज ध्रुव और सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बसंत लाल ध्रुव, संजय मरकाम वनरक्षक मौजूद रहे।

# परंपरागत चिकित्सा पद्धति हमारी असली पूंजी है : अरूण सार्वा





■ भीमा कोटेश्वर कोटाभर्री में ऋषि पंचमी मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ऋषि पंचमी पर श्री भीमा कोटेश्वर शिवधाम कोटाभर्री में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पर्व को मनाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती वन संपदा और औषधीय पौधों से समृद्ध है। यहां की परंपरागत चिकित्सा पद्धति हमारी असली पूंजी है, जिसे सुरक्षित रखकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में जब लोग फिर से आयुर्वेद और नेचुरल थेरेपी की ओर लौट रहे हैं। ऐसे समय में हमारी परंपरागत चिकित्सा पद्धति पूरे देश को नई दिशा दे सकती है। श्री सार्वा ने यह भी कहा कि ग्रामीण अंचल में पारंपरिक वैद्यराजों के पास अपार ज्ञान है, लेकिन धीरे-धीरे यह ज्ञान लुप्त होता जा रहा है। इसे दस्तावेजीकृत कर समाज के हित में उपयोग करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप




### ससीबा वाहिनी केवटी ने किया प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित

**भानुप्रतापपुर।** सशत्र सीमा बल 33 वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला केवटी में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी छात्र-छात्राओं के उत्साह वर्धन तथा उन्हें खेलों के विषय में जागरूक किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को उचित पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्र- छात्राओं को अवगत कराया गया कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं और हमें स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले सभी प्रकार के खेलों में भाग लेना चाहिए, इससे हमारे शरीर एवं मष्तिष्क का समुचित विकास होता है।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत गितपहर निवासी 30 वर्षीय गुलशन कुमार कौशिक ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गितपहर निवासी 48 वर्षीय संजय कुमार कौशिक ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 28 से 29 अगस्त के बीच अपने घर के अंदर म्यार में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता पर दी जानकारी

**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेड़ो में पदस्थ जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी तृप्ति गजभिये के द्वारा किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबधित जानकारी दिया गया। शिक्षिका द्वारा बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता का अर्थ है। पीरियडस के दौरान अपने शरीर को साफ औऱ स्वच्छ रखना है, जिसमें सैनिटरी पैड या टैम्पोन जैसे उत्पादों का सही इस्तेमाल नियमित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना औऱ संक्रमण से बचने के लिए उचित देखभाल करना शामिल है तथा इस दौरान संतुलित भोजन करने कि भी सलाह दी गई, जिससे किशोरियों के शरीर का विकास व संतुलन बना रहे। मासिक धर्म में स्वच्छता का पालन करने से बैक्टिरियल संक्रमण औऱ अन्य बिमारियों का खतरा कम होता है, जिससे बालिकाएं स्वस्थ्य औऱ सुरक्षित रह सकती है। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षकाए और बालिकाएं शामिल रही।

### संत रामपाल के शिष्यों ने मांदर में सामान बांटे

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में लगातार बारिश और बाढ़ से मांदर गांव का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण अपने उजड़े घरों से बेघर होकर खुले में दिन काट रहे हैं। इस संकट की घड़ी में संत रामपाल महाराज के शिष्य पहुंचाने गांव पहुंचे । घर-घर जाकर पीड़ितों का हाल जाना और राशन, कपड़े, बर्तन और तिरपाल उपलब्ध कराई गई।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में दर्रा के छात्र का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

■ पेंड्रा में 1 से 4 सितंबर तक होगी प्रतियोगिता

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा के छात्र पीयूष नगारची पिता दीपक कुमार का चयन राज्यस्तरीय क्रिकेट शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता गौरेला पेंड्रा मरवाही के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 1 से 4 सितंबर तक होगी। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक राजकुमार साहू ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता महासमुंद में हुई थी। उसमें बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर इसका चयन हुआ। छात्र ने बॉलिंग और बैटिंग में बेहतर प्रदर्शन किया।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर डीईओ अभय जयसवाल, जिला सहायक खेल अधिकारी हरीश देवांगन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीके साहू, शाला विकास एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष गिरवर साहू, सरपंच विजय रात्रे, जनपद सदस्य मनीषा त्रिलोचन साहू, प्राचार्य नीलकमल साहू, नरसिंगनाथ साहू, डेरहूराम साहू, लोकेश्वर चेलक, दीनबंधु चंद्राकर, गजेंद्रसिंह राजपूत, सुरेंद्र साहू, सालिकराम देवांगन, अशोक चंद्रवंशी, युगलकिशोर वर्मा, राजकुमार साहू, नारायणसिंह नेताम, युवराज खत्री, गेमाराम साहू, बालमुकुंद साहू, सुनील साहू, पुष्पेंद्र साहू, परमत नाग ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा तीज व्रत

■ उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास के गांवों में हरतालिका पर्व धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास के गांवों में हरतालिका तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रहकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। करेली बड़ी में 26 अगस्त मंगलवार को निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने पति की लंबी और सुखमय जीवन की कामना की। कठोर निर्जला व्रत रखा। जल अन्न का सेवन नहीं किया। दूसरे दिन 27 अगस्त बुधवार को पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी, चोसेला, भजिया, गुजिया, पूरी, खीर, सूजी का पकवान बनाया। इसका सेवन कर व्रत तोड़ा।

करेली बड़ी में आई तिजहारिन जागृति साहू ने बताया कि पति की दीर्घायु, परिवार की सुख समृद्धि के लिए यह व्रत रखा जाता है। पार्थिव शिवलिंग बनाया गया। फुलेरा बांधा गया। इसके बाद सुखमय जीवन के लिए शिव पार्वती की पूजा- अर्चना की गई। अनीता साहू, खेमलता साहू, मनीषा साहू, त्रिवेणी साहू, अंजु साहू ने बताया कि हरतालिका तीज में दिनभर निर्जला व्रत का पालन करना पड़ता है। यह कठोर व्रत है। माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए यह व्रत किया था। तीज पर्व माता पार्वती द्वारा शिव की प्राप्ति का प्रतीक है। साल में यह पर्व एक बार आता है। शिव पार्वती की पूजा-अर्चना कर सुखमय जीवन की कामना की गई। इसके बाद शिवलिंग का सरोवर में विसर्जन किया गया। अविवाहित कन्याओं ने भी तीज व्रत रहकर अच्छे पति की कामना भगवान शिव और पार्वती से की।

# शिक्षक ने चार स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ बच्चों को सेव, बूंदी, खीर-पूड़ी, केला, रसगुल्ला परोसे गए

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्कूल में शुरू की गई पोषण शक्ति निर्माण योजना को साकार करने में जिले के शिक्षक दयालुराम साहू आये दिन स्कूली बच्चों को न्योता भोज करा रहे हैं। इस बार उन्होंने अपने ससुरजी की स्मृति में छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन के साथ सेव, बूंदी, खीर-पूड़ी, केला, रसगुल्ला आदि व्यंजन परोसे।

दरअसल 22 अगस्त को छग शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू के ससुर रामगोपाल साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने अपनी पत्नी खेमलता साहू एवं पुत्र रोहित साहू की सहमति से स्कूली बच्चों को अपने स्व. ससुर की स्मृति में न्योता भोज देने का निश्चय किया। श्री साहू ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मड़ाईभाठा, बागतराई, सेमरा (सी) एवं जोरातराई के बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा सेव, बूंदी, खीर-पूड़ी, केला, रसगुल्ला आदि व्यंजन परोसकर न्योता भोज कराया।





इस दौरान संबंधित स्कूलों के शिक्षकगण मीना साहू, ओमकुमारी, सत्यवान साहू, सुदामाराम साहू मौजूद थे। शिक्षक साहू ने बताया कि स्कूल में यह उनका 15वां न्योता भोज है। बच्चों को खिलाने में जो आत्मिक सुकून मुझे प्राप्त होता है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। इस कार्य के लिए मेरे परिवार के सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहता है।

# खैरझिटी स्कूल में छग का रजत जयंती वर्ष मना

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला खैरझिटी में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व छात्राओं को आमंत्रित कर उनके विचार साझा किए गए।

प्रधानपाठक मनोज साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पूर्व छात्रों को अपनी मातृभूमि के लिए शिक्षा और संस्कार को लेकर संगठित होकर काम करने के लिए प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस से अब तक के अपने अनुभवों की जानकारी दरी। सभी ने छात्रों को नियमित विद्यालय आने, सभ्य और संस्कारी बनने, शिक्षक की बातों को अपने जीवन में चरितार्थ करने, ज्ञान अर्जन करने, आज्ञाकारी बनने, समाज में एक बेहतर इंसान बनने, लक्ष्य तयकर योजनाबद्ध काम करने हेतु टिप्स दिए। विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए स्वयंसेवक शिक्षक की भूमिका में विद्यालय में विद्यादान करने के लिए संकल्पित हुए। प्रधानपाठक खिलेश्वर कश्यप ने किया। मौके पर पूर्व छात्र तजेंद्र कश्यप, प्रेमानंद साहू, चंद्रिका कश्यप, रीना साहू, विनीता साहू, विनीता साहू व खिलेश्वर कश्यप, ओमप्रकाश साहू, श्रीमती सीमा साहू, नोहरसिंग कंवर, मनोज साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी शिक्षक तजेंद्र कश्यप ने किया।

# मुक्तिधाम में हुआ 350 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

नगर पंचायत भखारा के मुक्तिधाम में नगर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में एक दिवसीय पौधरोपण का आयोजन किया गया। 350 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि नगर को हरियाली से सजाना है। नगर के सभी शासकीय एवं रिक्त जगह पर पौधरोपण करना है।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि शासन की इस योजना के लिए नगर के प्रत्येक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक को जवाबदारी के साथ कार्य करना होगा। मौके पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दूत एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# रेवेंद्र शाला नायक व चैतन्य उप शाला नायक बने

■ हाईस्कूल जोरातराई में छात्र परिषद का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सिलौटी) में छात्र परिषद का गठन किया गया। छात्र परिषद अन्तर्गत शाला नायक, उप शाला नायक, कक्षा नायक, खेल सचिव, विज्ञान सचिव, अनुशासन सचिव, पर्यावरण सचिव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि, सांस्कृतिक प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। सभी मनोनीत छात्र प्रतिनिधियों को प्राचार्य दयालुराम साहू ने शपथ दिलाई।



प्राचार्य ने बताया कि बच्चों में विद्यालय स्तर से ही लीडरशीप करने की क्षमता और अनुशासन में रहकर परिवार , समाज सहित देश में अपना नाम रोशन करने की सीख मिलती है जिसके मद्देनजर यहां भी छात्र परिषद का गठन किया गया है। कक्षा दसवीं के छात्र रेवेंद्र कुमार को शाला नायक, 9 वीं के चैतन्य प्रसाद को उप शाला नायक, 10 वीं की गीतांजलि को सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार कक्षा 9 वीं में लालिमा कक्षा नायक व दुर्गेश्वरी उप कक्षा नायक, 10 वीं में सौरभ कुमार कक्षा नायक एवं चुनेश्वरी उप कक्षा नायक बने। रुद्र कुमार व तुमेश्वरी को खेल मंत्री, गुंजन, मंजु, प्रभाकर, ईशा को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, रितिका, कुसुमलता, तिलोचन व मोनिका को सांस्कृतिक प्रमुख, तरुण सतीश, लोचन, दीपेन्द्र व परशुराम को बागवानी प्रमुख बनाया गया है।

मिल के गंदे पानी एवं असहनीय दुर्गंध से हो रहे हलाकान

# राइस मिलों के धुएं, राखड़ से लोग परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र में राइस मिलों के धूल, धुएं एवं राखड़ से लोग परेशान हैं। पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणों की हित को अनदेखा कर गांव के बसावट क्षेत्र में भी एनओसी जारी कर अपनी जेबें गरम कर रहे हैं। ग्राम मुड़खुसरा में स्थित एक राइस मिल से निकलने वाले धूल, धुएं, राखड़ से ग्रामीण परेशान हैं तथा इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन सहित विभागीय अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन आज तक काईवाई नहीं हुई है। परेशान ग्रामीणों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्राम पचायत पुरूर के आश्रित ग्राम मुड़खुसरा में एक राइस मिल संचालित हो रही है। ग्रामीण निर्माण के समय से ही इसका विरोध कर रहे थे लेकिन ग्राम पंचायत पुरूर ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं परेशानियों की अनदेखी कर एनओसी जारी कर दिया जिससे गांव के बसावट क्षेत्र में ही राइस मिल खुल गई है। इससे


फाइल फोटो

ग्रामीण काफी परेशान हैं। कलेक्टर जनदर्शन बालोद में 5 अगस्त को की गई शिकायत में ग्रामीणों ने बताया है कि गांव के बसावट क्षेत्र में राइस मिल का संचालन होने से ग्रामीणों को मिल से निकलने वाले धूल, धुएं तथा राखड़ से काफी पेरशानी हो रही है। मिल के गंदे पानी एवं दुर्गंध से भी ग्रामीण काफी परेशान हैं।

ग्राम मुड़खुसरा के गौकरण शांडिल्य, सोनूराम साहू, विजय नेताम, शेखरचंद्र, केजूराम साहू, पंच महेश्वरी, उमेश्वरी साहू, रामेश्वर सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर बालोद से कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर ने जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को आदेशित किया था। लेकिन हल्का पटवारी से पंचनामा लेकर ही जांच को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि हल्का पटवारी ने गांव में आकर मिल मालिक, सरपंच हीरामणि साहू, कोटवार हीरालाल सहित पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचनामा तैयार किया कि मिल संचालक अपनी मिल से निकलने वाले गंदे पानी के लिए नाली का निर्माण करेंगे। मिल में अहाता का निर्माण कर नेट लगाया जायेगा ताकि गांव में राखड़ धूल न जाए। गांववालों को प्रदूषण से बचाने के लिए सभी उपाय किए जायेंगे, लेकिन आज तक मिल संचालक द्वारा कोई उपाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# बैगलेस डे पर छात्रों ने सीखी राजमिस्त्री की कला



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा में बैगलेस डे पर स्थानीय जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत राजमिस्त्री ठाकुरराम ध्रुव ने छात्रों को मकान बनाने के काम में उपयोग होने वाली वस्तुएं कैंचा, रेंदा, गोली, धागा, गुटका, गुरमाला की जानकारी दी। ईंट, ढेली, आधा, पौन ईंट की सहायता से दीवार जोड़कर दिखाया एवं अपना अनुभव साझा किया। बच्चों ने सीखने का प्रयास किया। प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा ने आभार प्रकट किया।

## बिरगुड़ी के साहू समाज भवन में जिला सहकारी संघ का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

# रजत जयंती से स्वर्ण जयंती तक की यात्रा में सहकारिता हमारा सशक्त मार्गदर्शक है : अकबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





ग्राम बिरगुड़ी स्थित साहू समाज भवन में जिला सहकारी संघ द्वारा आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण सत्र सहकारिता के क्षेत्र में ऐतिहासिक और प्रेरणादायी साबित हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष तथा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों एवं वनधन विकास केंद्र सहकारी समितियों के पदाधिकारी, सदस्य और प्रबंधक शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला लघु वनोपज सहकारी संघ अकबर कश्यप ने कहा कि रजत जयंती से स्वर्ण जयंती तक की यात्रा में सहकारिता ही हमारा सशक्त मार्गदर्शक है। औषधीय पौधों की खेती और जैविक कृषि हमें समृद्धि की ओर ले जा सकती है। प्रशिक्षण का उद्देश्य इन्हीं संभावनाओं को समझना और अपनाना है।

कार्यक्रम अध्यक्ष शुभम यदु सभापति (सहकारिता एवं उद्योग) जनपद पंचायत नगरी ने कहा कि सहकारिता न केवल आर्थिक विकास बल्कि सामाजिक समरसता का भी आधार है।विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार सामरथ संचालक जिला लघु वनोपज धमतरी ने प्रशिक्षण को जीवन उन्नति का साधन बताते हुए युवाओं से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ धमतरी ने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में नशा मुक्त छत्तीसगढ़ बनाना हमारा लक्ष्य है। डॉ. एन. दीक्षित ने सहकारिता मंत्रालय की नई 54 पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सहकार से समृद्धि की अवधारणा ग्रामीण विकास में नई ऊर्जा भर रही है।

डॉ. अनिल चौरे व सुरेश साहू ने सहकारिता के महत्व और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक ए.पी. गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन बेलरगांव समिति प्रबंधक रमेश पटेल ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वनोपज समितियों के प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में सहकारी समितियों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। इस आयोजन में रतावा और घोटगांव समिति प्रबंधक ललित कश्यप का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का वोट चोरी पोस्टकार्ड अभियान युवाओं को गुमराह करने की साजिश : कैलाश



**धमतरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा तथाकथित वोट चोरी पोस्टकार्ड अभियान लोकतंत्र की आत्मा और जनता के विश्वास का खुला अपमान है। कांग्रेस हार का कारण स्वीकारने की बजाय चुनाव प्रक्रिया और जनता की समझदारी पर उंगली उठाकर लोकतंत्र की नींव कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेताओं को जनता का फैसला कभी स्वीकार नहीं होता। असलियत यह है कि कांग्रेस जनता से लगातार हार रही है और अब वह हार छुपाने के लिए वोट चोरी का झूठा नैरेटिव फैलाने में जुटी है। उन्होंने आगे कहा कि युवा मोर्चा हर स्तर पर कांग्रेस के दुष्प्रचार का मजबूती से जवाब देगा और लोकतंत्र की रक्षा में सदैव अग्रसर रहेगा। जनादेश का अपमान कांग्रेस की आदत है, लेकिन जनता का विश्वास भाजपा की ताकत है।

### पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक हुई



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में ग्राम पंचायतों के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक 29 अगस्त को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया था। पीएमआवास योजना अंतर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा किया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी, भवन निर्माण कार्य, पृथ्थकरण शेड निर्माण एवं लेबर बजट 2026-27 के संबंध में विस्तृत समीक्षाएसबीएम योजना अंतर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा। निर्देशित किया गया कि विकास कार्यों को समय सीमा पर पूरा करें। प्रमुख रूप से निर्माण कार्य अधूरा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी पूरा करने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित सचिवों को वेतन रोकने की कार्रवाई की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपान अधिकारी आरडी ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, प्रधानमंत्री ब्लॉक समन्वयक प्रमोद ठाकुर, निर्माण शाखा ब्लॉक समवन कमलेश साहू, बीपीएम नंदिनी दीवान, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उपस्थित रहें।

### रेडक्रॉस ने बालिकाओं दी मासिक धर्म पर जानकारी



**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेड़ो में पदस्थ जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी तृप्ति गजभिये द्वारा किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबंधित जानकारी दिया गया। बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता का अर्थ है, पीरियडस के दौरान अपने शरीर को साफ औऱ स्वच्छ रखना। जिसमे सैनिटरी पैड या टैम्पोन जैसे उत्पादों का सही इस्तेमाल नियमित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना औऱ संक्रमण से बचने के लिए उचित देखभाल करना है। इस दौरान संतुलित भोजन करने का सलाह दिया गया। मासिक धर्म में स्वच्छता का पालन करने से बैक्टिरियल संक्रमण औऱ अन्य बिमारियों का खतरा कम होता है, जिससे बालिकाएं स्वस्थ्य औऱ सुरक्षित रह सकती है।

### भानुप्रतापपुर को वाद विवाद स्पर्धा में मिले दो पुरस्कार

**भानुप्रतापपुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड को दो पुरुस्कार मिला। शाउमावि बैजनपुरी को तीसरा स्थान और सेजेस भानुप्रतापपुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। बैजनपुरी के बच्चे अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# नगर पालिका कुरूद को मिली एक और बड़ी सौगात

- खेल सुविधाएं और विद्युत व्यवस्था के लिए 5 .42 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरूद को नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद विकास को नई रफ्तार देने राज्य सरकार से नई-नई सौगात मिल रही है जो शहर को खेल, बिजली, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसी के चलते कुरूद के लिए 5 करोड़ 42 लाख रुपये खेल सुविधाओं और विद्युत व्यवस्था के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

उक्त स्वीकृति से अटलबिहारी स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी और अन्य स्थानीय खेलों के लिए आधुनिक मैदान, प्रशिक्षण केंद्र और जिम बनाए जाएंगे। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुरूद का नाम रोशन करने का रास्ता भी खुलेगा। इसके साथ ही बिजली व्यवस्था के लिए किए गए प्रावधान से स्ट्रीट लाइटिंग, सब स्टेशन और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार होगा। सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेगा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने इस सौगात को कुरूद के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ये विकास कार्य हमारे शहर को नई दिशा देंगे। खेल सुविधाएं युवाओं को प्रेरित करेंगी। बिजली व्यवस्था जीवन को आसान बनाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक अजय चंद्राकर के प्रति कुरूद की जनता की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। स्थानीय निवासियों और खेल प्रेमियों में इस घोषणा से उत्साह का माहौल है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन 1 सितंबर को करेगा जेडी कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि रायपुर संभाग में शिक्षक संवर्ग ई एवं टी की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने से आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं, जिसके कारण एसोसिएशन द्वारा 1 सितंबर को जेडी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इससे पहले 18 अगस्त को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त रायपुर, डीपीआई एवं जेडी कार्यालय को मांग पत्र एवं घेराव का अल्टीमेटम सौंपा था जिसके चलते 29 अगस्त को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर संजीव श्रीवास्तव द्वारा रायपुर संभाग में कार्यरत टी संवर्ग के शिक्षकों की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर करने का टाइम टेबल जारी किया है।

30 अगस्त को एसोसिएशन की बैठक रखकर निर्णय लिया गया कि जेडी द्वारा केवल टी संवर्ग के शिक्षकों की पदोन्नति हेतु विस्तृत टाइम टेबल जारी किया है किन्तु लगभग 85 प्रतिशत ई संवर्ग के शिक्षकों की उपेक्षा की गयी है। जब तक ई संवर्ग के शिक्षकों का माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हेतु टाइम टेबल जारी नहीं किया जाता तब तक जेडी कार्यालय घेराव का कार्यक्रम यथावत रहेगा। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक, प्रांतीय पदाधिकारी शोभा सिंह देव, योगेश ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, अंजुम शेख, सुखनन्दन साहू, पूर्णानांद मिश्रा, केशवराम साहू, यशवंत बघेल समेत अन्य मौजूद रहे।

# वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में रोपे गए 300 पौधे

- शहर के हरियाली व सौंदर्यीकरण की दिशा में सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शहर के सौंदर्यीकरण एवं हरियाली की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका कुरूद द्वारा वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में 300 पौधों का रोपण नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

शुक्रवार को दोपहर आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम में वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में एक पेड़ मां के नाम स्लोगन के साथ अनेक प्रजातियों के छायादार पौधे रोपे गये। जो न केवल नगर को हरियाली प्रदान करेगा बल्कि सौंदर्यीकरण की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने नगरवासियों एवं संघ-संगठनों को इस पुण्य आयोजन से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि हरियाली कुरूद के प्रत्येक वार्ड के शासकीय परिसर एवं प्रमुख सड़कों पर दिखे, ऐसी सबसे अपेक्षा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापति मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण रवि मानिकपुरी, अर्जुन ध्रुव, पूर्व पार्षद सरिता ओझा, भाजपा नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, युवा मोर्चा नेता बादल चन्द्राकर, गौरी कटारिया सहित महिला कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, इंजीनियर श्री सिन्हा, पीआईयू निहाल सहित नगरपालिका के कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### साईं मंदिर में शिव-पार्वती पूजा हुई

**मगरलोड।** मधुबन धाम में साईं मंदिर स्थापित है। तीजा, पोला के पावन अवसर पर साईं मंदिर में शिव पार्वती की पूजा पं. राघव वैष्णव के द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार कर सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर पं. नवलकिशोर दास, राघव वैष्णव, शारदा देवी, सुलोचना देवी सहित ग्राम रांकाडीह, खैरझिटी से दर्जनों महिला पुरुष शामिल रहे।

# जेडी कार्यालय घेराव को लेकर हुई बैठक

- माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से पदोन्नति न होने से रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छग टीचर्स एसोसिएशन मिडिल हेडमास्टर प्रमोशन के लिए 1 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जेडी कार्यालय का घेराव करेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन संभाग रायपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, जिलाध्यक्ष धमतरी डा. भूषण लाल चंद्राकर, नगरी ब्लाक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, सचिव टीकम चंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू एवं प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने बताया कि रायपुर संभाग के शिक्षक एलबी संवर्ग की प्रमुख मांग माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से पदोन्नति न होने से संभाग के शिक्षक (एलबी) ई एवं टी संवर्ग में आक्रोश है। अन्य संभागों मे वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत दो से तीन बार पदोन्नति हो चुकी है किन्तु रायपुर संभाग में एक भी बार पदोन्नति नहीं होने से शिक्षक संवर्ग मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं।

माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हेतु दायर समस्त याचिका का निराकरण उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा किया जा चुका है,इसके बावजूद रायपुर संभाग में पदोन्नति न होना समझ से परे है। पदोन्नति की मांग को लेकर 1 सितंबर को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। घेराव की तैयारी को लेकर नगरी विकासखंड में बैठक हुई। मौके पर तीरथराज अटल, सिधेश्वर साहू, पवन साहू, सतीश सोम, मिलाप देवांगन, लक्ष्मीनाथ नेताम, महेश सोरी, देवेंद्र साहू, कामेश्वर साहू समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# एनएसयूआई ने यशवंतराव मेघावाले कालेज में वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान चलाया

- 5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में एनएसयूआई द्वारा वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने किया।

राजा देवांगन ने कहा कि कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न है। यदि सब कुछ पारदर्शी है तो चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट सार्वजनिक करने से क्यों बच रहा है।

मगरलोड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड लिखकर वोट चोरी के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद की।

यह अभियान जिलेभर में लगातार एक सप्ताह तक चलेगा और 5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान लक्की निर्मलकर, भूपेंद्र कंवर , सूरज सिन्हा, थनेंद्र साहू, गुलाब साहू, रोशन कुमार ,धर्मेंद्र साहू, दुष्यंत, त्रिदेव, शेखर, देवेश, ऐश्वर्य हिरवानी सहित कॉलेज स्टूडेंट्स उपस्थित थे।



# मांगें पूरी नहीं होने पर दी धान खरीदी के बहिष्कार की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने लंबित तीन सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर खरीफ विपणन वर्ष 25-26 की धान खरीदी का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। नरेंद्र कुमार साहू प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि लंबित 3 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शासन को ध्यान आकर्षित करने के लिए धरना, प्रदर्शन, विधानसभा घेराव, मंत्रालय घेराव, अनशन, अनिश्चितकालीन आंदोलन किया गया परंतु नतीजा निष्फल निकला। एक बार फिर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शासन- प्रशासन को स्मरण पत्र सौंपा है।

मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान देने, सेवा नियम 2018 को आवश्यक संशोधन करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों पर विभागीय से क्रेडर समिति प्रबंधकों की भर्ती समिति कर्मचारियों से करने एवं वर्ष 23, 24, 25 की खरीदी की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की मांग की गई है।

# कला उत्सव में प्रथम रहा महानदी एकेडमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा जिला धमतरी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव 2025-26 में नगरी ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए महानदी एकेडमी नगरी (सीबीएसई) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले के चारों ब्लॉकों से चयनित विद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें महानदी एकेडमी के विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कला और प्रतिभा ने निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया। शानदार प्रस्तुति के दम पर विद्यालय ने नगरी ब्लॉक का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रज़ा, अजय छाजेड़ तथा प्राचार्य शिवकुमार साहू ने छात्रों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया है।

# 130 छात्र-छात्राओं ने सीखी शेयर मार्केट की बारीकियां



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को रोजगार एवं आजीविका में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में लाईवलीहुड कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं शेयर मार्केट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय महाविद्यालय के 130 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विक्रम सिंह संचालक वेल्थ ट्रेकर धमतरी एवं हरप्रीतसिंह आनंद प्रो. बीसीएस शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज मरकाम डिप्टी कलेक्टर धमतरी ने किया। वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने बताया कि वित्तीय साक्षरता न केवल व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों को शेयर मार्केट के विभिन्न पहलुओं जैसे शेयरों का चयन, पोर्टफोलियो प्रबंधन और जोखिम प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने वर्कशॉप में उत्साह दिखाया और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपने सदेहों का समाधान किया। प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें वित्तीय साक्षरता और शेयर मार्केट के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी संदीप गोन्नाडे ने आभार व्यक्त किया।

# समग्र, सहायक शिक्षक फेडरेशन की वार्षिक बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

- प्रधानपाठकों की समस्याओं के निराकरण के लिए डीईओ, बीईओ को पत्राचार किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कुरूद की बैठक जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव के मुख्य आतिथ्य व ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता बनाए रखने की अपील की तथा शालाओं में आने वाली समस्याओं को अपने पदाधिकारियों तक रखने की बात कही।

ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू के निर्देश पर कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे ने आय व्यय की जानकारी सदन में रजिस्टर वाचन कर प्रस्तुत की। तत्पश्चात मर्ज शालाओं के प्रधानपाठकों द्वारा संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु जल्द ही प्रधानपाठकों की एक बैठक कर समस्याओं को लिपिबद्ध करते हुए डीईओ एवं बीईओ को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। संगठन ने श्रीमती किरण साहू प्रधानपाठक खैरा को आगामी 5 सितंबर को राज्यपाल पुरस्कार हेतु नामित होने पर उनका मुंह मीठा कराया। संवेदना राशि कलेक्शन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए संवेदना सहायता समिति गठन का निर्णय लिया गया।

सर्व शिक्षक एलबी संवर्ग कल्याण समिति को क्रमोन्नति हेतु भेजे गए अभ्यावेदनों की प्रगति की जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा दी गई। बैठक में संगठन सचिव हेमलाल साहू, सहसचिव शंकरदास मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी भेषज साहू, जिला सदस्य अभिषेक सिंह, संगठन मंत्री शिवेंद्र सिंह, सलाहकार लच्छीराम साहू, संकुल अध्यक्षगण मदन चंद्राकर, पीतांबर कंवर, हरिशंकर सेन, कोमलसिंह साहू, गोपाल ठाकुर, शेखन साहू, ख़ुमेश्वर साहू, प्रीतम साहू, धर्मराज ध्रुव, अन्नू देवांगन, लेखराम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा कन्नौजे, किरण साहू, नसीमा परवीन, सत्या साहू, नंदिनी दिवान, झबलेशवरी साहू, शकुन कंवर उपस्थित थे।

# वैभवी ने पीएससी में 9वीं रैंक हासिल की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्राथमिक शाला नवागांव की प्रधानपाठक कंचन की पुत्री वैभवी साहू ने लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9वीं रैंक अर्जित की है।

उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष की लहर है। माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक, प्रधानपाठक श्री गौर, संकुल समन्वयक सोनेन्द्र ध्रुव, एसबी मिर्जा, गोदावरी तथा कमलेश साहू ने वैभवी को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका मुंह मीठा कराया। वैभवी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगरी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

**खबर संक्षेप**

## ताइक्वांडो में सर्वोदय स्कूल के छात्र का चयन



**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 1 से 4 सितम्बर तक गौरेला पेंड्रा मरवाही में आयोजित है, जिसमें सर्वोदय उमाशा के एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। वह रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता 14, 17, व 19 वर्ष बालक-बालिका आयु वर्ग में होगी। स्पर्धा में 19 वर्ष का निहाल सिन्हा वजन 68-73 केजी में अपना प्रदर्शन करेगा। इससे पहले उसने 10 अगस्त को शाउमावि सम्बलपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें जीत दर्ज की। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य टीआर सिन्हा, खेल अधिकारी जान्हवी चन्द्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### लाभ की खेती, किसानों को मिलता है ज्यादा मूल्य

# प्रमाणित बीज उत्पादन में भाग लेने के लिए आज अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बीज उत्पादन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किसानों के लिए आज अंतिम अवसर है। इसमें भाग लेने वाले किसानों को धान का मूल्य समर्थन मूल्य से ज्यादा मिलता है। पंजीयन के लिए किसानों को बीज प्रक्रिया केंद्र से संपर्क करना होगा।

कृषि विभाग के डोमेंद्र साहू ने बताया कि बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत किसानों को आधार बीज दिया जाता है। यह बीज अन्य बीजों की तुलना में 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन देता है। किसानों के लिए यह लाभकारी खेती है।



उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में भाग लेकर किसान अन्य किसानों की तुलना में अधिक लाभ कमा सकते हैं। जानकारी के अभाव में किसान इस कार्यक्रम से दूर हैं। जिन किसानों के पास ढाई एकड़ या इससे अधिक ज़मीन है, वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को बीज प्रकिया केंद्र में संपर्क करना होगा। बीज उत्पादन कैसे किया जाता है, इसकी पूरी जानकारी बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों द्वारा दी जाती है। फसल कटने पर अपना बीज प्रक्रिया केंद्र में देने पर किसानों को एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि दे दी जाती है, जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60 प्रतिशत होता है। शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम आने पर दे दी जाती है। इस प्रक्रिया में लगभग 2 माह लगता है।

**मिला ज्यादा लाभ**

श्री साहू ने बताया कि पिछले खरीफ में धान मोटा किस्म की बीज खरीदी पर किसानों को 3043 प्रति क्विंटल और 800 रूपए बोनस दिया गया। किसानों को कुल 3843 रुपये प्रति क्विंटल दिया गया। धान पतला किस्म के लिए 3211 रूपए और 800 रुपए बोनस कुल 4011 रुपये प्रति क्विंटल दिया गया। सुगंधित किस्म के बीज के लिए 3644 मूल्य के साथ 800 रुपए बोनस कुल 4444 रुपये प्रति क्विंटल दिए गए थे।

# टेंगना स्कूल में हॉकी के जादूगर को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला टेंगना में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर फिट इंडिया के तहत शिक्षक और बच्चों द्वारा शपथ ली गई। शाला में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई। शिक्षक संतोष बांधव ने बताया कि प्रतिदिन शाला में 15 से 20 मिनट फिट इंडिया के तहत शैक्षिक व खेल गतिविधियां कराई जाती है जिससे बच्चे उत्साह, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक विकास हो सके। स्कूल में नवाचारी एवं नए-नए तरीके से खेल कराया जाता है। उनके द्वारा



1000 से अधिक वीडियो बनाकर यूट्यूब चैनल, विनोबा एप्प आदि में डाला गया है जिससे शिक्षक व बच्चे रोमांचित हो जाते हैं। बच्चों को जीतने पर पुरस्कृत भी किया जाता है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुरेंद्र लोन्हारे, प्रधान ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, यतीन्द्र गौर, पार्वती ध्रुव, संतोष बांधव उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपेक्षा का आरोप

■ साठ साल की उम्र में सिर्फ सम्मान की अपेक्षा : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की ऐसी प्रतिभाएं जो उम्रदराज होने के बाद भी देश-विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व कर धमतरी का नाम रोशन कर रही हैं लेकिन वह अपने ही शहर में उपेक्षा का शिकार है। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल विभाग तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन कर रहा है जिसमें स्टेट, नेशनल स्तर के 107 खिलाड़ियों का सम्मान किया गया लेकिन 55 तथा 60 साल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल विभाग भूल गया है। ऐसा आरोप वरिष्ठ वेटरन खिलाड़ियों ने लगाया है।

बाडी बिल्डिंग के खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 2018-19 में थाईलैंड तथा इंडोनेशिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रहेश हिरवानी ने बताया कि उन्होंने 2011 से लेकर 2024 तक महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, एमपी, छग, तमिलनाडु में छग का प्रतिनिधित्व किया है। नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप मास्टर वर्ग के 8 खेलों में दो बार रजत, एक बार कांस्य पद लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मध्यप्रदेश स्टेट बॉडी बिल्डिंग में लगातार चार बार मिस्टर मध्यप्रदेश का खिताब जीता है। 6 बार मिस्टर छत्तीसगढ़ बन चुके हैं। उनकी उम्र 55 वर्ष है। फरवरी 2024 में मास्टर वर्ग की नेशनल चैम्पिनशिप प्रतियोगिता तमिलनाडु में रजत पदक मिला है। उनका कहना है कि अब तक शासन-प्रशासन से न कोई सम्मान मिला है और न ही पूछपरख होती है।








राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खेल में इंटरनेशनल एवं नेशनल प्रतियोगिता में उपलब्धियों की कतार लगाने वाली धमतरी निवासी वेटरन खिलाड़ी दिनेश सोनकर ने बताया कि उसकी उम्र 60 वर्ष की है। नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल खेल में फरवरी 2025 को गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 2021-22 से 2024 तक दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में 30 बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बताया कि युवाओं को जागरूक करने तथा फिटनेस के लिए उनका जीवन खेल को समर्पित है। दिनेश सोनकर कहते हैं कि उम्रदराज होने के कारण सम्मान की अपेक्षा रखते हैं लेकिन राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मान नहीं होने पर उन्हें खेल अधिकारी के पास जाकर अपनी उपलब्धि बतानी पड़ी। तब जाकर 31 दिसम्बर को उसका सम्मान करने का आश्वासन दिया गया है।

शहर के मकेश्वर वार्ड की रितिका ध्रुव शटल बैडमिंटन की खिलाड़ी हैं। ऑल इंडिया गेम्स में मेडल जीतकर खेलो इंडिया में शामिल हुईं जिसे गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया है। रितिका बताती हैं कि उसे राष्ट्रीय खेल दिवस में सम्मान के लिए किसी ने फोन किया था। उसका सम्मान कब होगा, उसे जानकारी नहीं है।

**खिलाड़ियों से जानकारी मांगी गई थी : देव**

प्रभारी खेल अधिकारी जेपी देव ने बताया कि सम्मान के लिए सभी खेल संघों से स्टेट, नेशनल, इंटरनेशनल खिलाड़ियों की जानकारी मांगी गई थी। बॉडी बिल्डिंग का यहां कोई संघ नहीं है जिसके कारण प्रतिभावान खिलाड़ियों को सूचना नहीं मिल पाई होगी। ऐसे खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों की जानकारी या प्रमाण पत्र विभाग या उन्हें देते हैं तो उनका सम्मान किया जाएगा।

## छेड़ सुरो के गीत कार्यक्रम 21 को

■ राज्य स्तरीय एकल एवं युगल छत्तीसगढ़ी गायन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

13 वर्षों से प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ के गायकों को एक मंच प्रदान करने वाला छत्तीसगढ़ म्यूजिकल ग्रुप धमतरी इस वर्ष भी राज्य स्तरीय एकल एवं युगल छत्तीसगढ़ी गायन स्पर्धा आयोजित कर रहा है। 21 सितंबर को हरदिहा साहू समाज भवन में प्रदेश भर के छत्तीसगढ़ी गीतों को सुपोषित व पल्लवित करने वाले कलाकार गायक इस राज्य स्तरीय एकल व युगल छत्तीसगढ़ी गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।



मंच के संस्थापक लोकेश करैत ने बताया कि यह ऐसा कार्यक्रम है जो छत्तीसगढ़ की लोकगीत, परंपरा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। इसमें विभिन्न लोकगीत गायकों और समूहों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और लोकप्रिय बनाने में मदद करती है। छत्तीसगढ़ की लोकगीत परंपरा को बढ़ावा देना, कलाकारों को मंच प्रदान करना और सांस्कृतिक आदान- प्रदान को प्रोत्साहित करना इस मंच का उद्देश्य है। प्रतियोगिता 21 सितंबर को होगी। आडिशन 10 बजे और फाइनल शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ शाम 4 बजे अतिथियों द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपए, स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। द्वितीय स्थान आने वाले को 11000 रूपए व स्मृति चिन्ह, तृतीय पुरस्कार 5100 रूपए व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। चतुर्थ में सांत्वना पुरस्कार 5 लोगों को दिया जाएगा। पंजीयन स्पर्धा स्थल पर सुबह करवाया जा सकता है।

# दूसरे दिन भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार

■ राष्ट्रीय खेल दिवस पर शहर में हो रही खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला खेल स्पर्धा के दूसरे दिन शहर के विभिन्न स्कूल, मैदानों में हॉकी व अन्य खेल प्रतियोगिता हुई। खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पूरी उर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। इंडोर स्टेडियम में किक बाक्सिंग, कुश्ती, कराते, वाद विवाद प्रतियोगिता, टेबल टेनिस आदि खेल हुए। खेल स्पर्धा के बाद परिणाम की घोषणा की गई।



किक बाक्सिंग अंडर 14 वर्ष में प्रथम तन्मय निर्मलकर, द्वितीय धनेंद्र साहू, अंडर 17 वर्ष में प्रथम आशीष गौतम, द्वितीय हिमांशु सोनी, बालिका वर्ग की किक बाक्सिंग में प्रथम नम्रता साहू ,द्वितीय रिया रही। कुश्ती प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से प्रथम तमन्ना यादव, द्वितीय पायल नेताम, बालक वर्ग में प्रथम यमन यादव, द्वितीय आर्य निशांत रहे। कराते में बालिका 12 वर्ष अंडर में प्रथम काव्य देवांगन, द्वितीय संस्कृति शर्मा, बालिका 12 वर्ष से अधिक आयु में प्रथम गौरी चक्रधारी, द्वितीय हंषिका शर्मा रही। बालक 15 वर्ष से कम में प्रथम हर्ष नाग, द्वितीय युवान ढीमर रहे। बालिका 18 वर्ष से अधिक में प्रथम संतोषी, द्वितीय प्रियंका विश्वकर्मा रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम प्रिया ढीमर, द्वितीय आकांक्षा, तृतीय जान्हवी देवांगन रही। टेबल टेनिस के बालिका वर्ग में प्रथम फाल्गुनी यादव, द्वितीय रूपाली यादव, तृतीय टोमिन रही। शतरंज में प्रथम आरव पाल, द्वितीय प्रहश कश्यप, पुरूष वर्ग में प्रथम निखिल अग्रवाल, द्वितीय अब्दुल सतार खान रहा।

खेल के सफल आयोजन में किक बाक्सिंग क्लब से दुर्गेश पटेल, उदय यादव, हर्ष सोनकर, कुश्ती से लीना यादव, विजय यादव, विकास ठाकुर, नुमेश यादव, टेबल टेनिस से जेपी देव, शतरंज से कुलप्रीत अजमानी, कराते से गोविंद सार्वा, हेमंत चक्रधारी, अंजलि फूटान, खुशमिता साहू का योगदान रहा। वेट लिफ्टिंग के लिए देवेंद्र यादव, टिकेश्वर निर्मलकर, वाद-विवाद के लिए डा. विजयलक्ष्मी सिंह उपस्थित थे।

## हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में हुआ एलुमिनी मीट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती अवसर पर एलुमिनी मीट का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सन 2000 के बाद के शाला में पढ़े भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया। डॉ. आशीष नायक ने बताया कि हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह की स्थापना 2008 में हुई। उसके पश्चात यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थियों को फोन द्वारा एलुमिनी मीट के लिए आमंत्रित किया गया। लगभग 15 -16 विद्यार्थी उपस्थित हुए। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की यादें साझा की। प्रत्येक विद्यार्थी को शाला परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में व्याख्याता चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भगतराम मंडावी, भावना रामटेके समेत भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक ने तपस्वियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर जैन समाज द्वारा तपस्वियों के सम्मान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में विधायक ओंकार साहू सम्मिलित हुए। विधायक श्री साहू ने सभी तपस्वियों का सम्मान किया एवं गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैन समाज का यह आयोजन समाज को अध्यात्म, संयम और अहिंसा का सशक्त संदेश देता है। तपस्वियों का त्याग और तप हमें जीवन में आत्म अनुशासन और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस शहर एक अध्यक्ष आकाश गोलछा, विशु देवांगन उपनेता प्रतिपक्ष, पारसमणि साहू पार्षद, धर्मेंद्र पटेल, राज देवांगन समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज मैदान में आंवला का पौधा रोपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य कर्मचारी संघ जिला धमतरी द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में आंवला का पौधा रोपा गया। मौके पर खुमान सिंह ठाकुर प्रदेश सचिव, डीएन साहू जिला अध्यक्ष, एचएल पनिका जिला सचिव, शंकर लाल गहरवार, कमल किशोर साहू, उल्लासवर्धन सिन्हा, किशनलाल यादव, जितेंद्र कुमार यादव उपस्थित थे।




## छात्रों को नेत्रदान व आंखों की सुरक्षा पर दी जानकारी

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में नेत्रदान पखवाड़ा नेत्र सहायक अधिकारी राजेश सोनी नेतृत्व में मनाया गया। श्री सोनी द्वारा छात्रों को नेत्रदान व आंखों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य वाईपी गोस्वामी, शिक्षकगण देवेन्द्र साहू, योगेश साहू, ख़ुशी साहू, किरण साहू, साक्षी शिंदे, ममता डहरिया समेत छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।










